दिनांकः 29.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार जोरों पर–सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर होगा मतदान।
- राज्यपाल कलराज मिश्र आज बीकानेर के तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लेंगे भाग।
- पाली के देसूरी में अभ्यारण्य क्षेत्र में लगी आग को बुझाने के प्रयास जारी–डेढ सौ हेक्टेयर क्षेत्र में फैली आग।
- प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच गर्मी का असर बरकरार–कोटा में दिन का पारा 41 डिग्री दर्ज।

..............

देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को होने वाले मतदान के लिए प्रचार जोरों पर है। इस चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। सभी राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ और दावनगेरे के सिरसी में रैलियों को संबोधित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में चुनावी रैली में स्पष्ट किया कि सरकार का आरक्षण में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजारे करने का आरोप लगाया। वहीं राहुल गांधी ने ओडिशा के केन्द्र पाडा में चुनावी रैली में युवाओं को रोजगार देने का वादा किया। इस बीच, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में मतदान सम्पन्न होने के बाद पश्चिम बंगाल और झारखंड का दौरा कर रहे हैं। वे वहां पार्टी प्रत्याशियों की नामांकन सभा में भाग लेंगे और रोड शो करेंगे।

..............

लोकसभा चुनाव के छठे चरण की अधिसूचना आज जारी हो गयी है। इस चरण में छह राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीटों, हरियाणा की सभी दस, उत्तर प्रदेश की चौदह, बिहार तथा पश्चिम बंगाल की आठ–आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटों पर मतदान होगा। उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई है। मतदान 25 मई को होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

..............

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का आज दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

पंजाब में किसान आंदोलन के चलते उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की दो रेलगाड़ियों को एक मई तक आंशिक रूप से रद्द किया गया है। मंडल रेल महाप्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज से तीन दिनों के लिए बाडमेर–ऋषिकेश और बाडमेर–जम्मूतवी गाड़ियों का संचालन रद्द किया गया है।

..............

बाड़मेर जिला प्रभारी सचिव सुबीर कुमार ने कल विभिन्न विभागों में दौरा कर विभागीय कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अनुपस्थित कार्मिकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये और जनता से जुडे कामों को तय समय पर पूरा करने को कहा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर निशांत जैन ने विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जिले के विकास में सार्थक भूमिका निभाने का आह्वान किया।

..............

जैसलमेर में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ड्राप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष अभियान लाया जा रहा है। इस दौरान कच्ची बस्तियों में स्कूल छोड़ चुके बच्चों का चिन्हीकरण कर उनके अभिभावकों से समझाइश की जा रही है। जिले में विभिन्न कारखानों और औद्योगिक इकाईयों में लगे बच्चों से मजदूरी नहीं करवाने के लिए मालिकों को पाबंद किया जा रहा है।

..............

देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में रेगिंग रोकने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग—यूजीसी ने नई पहल की है। इसके तहत अब जिला स्तर पर कॉलेजों के लिए एंटी रेगिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी में जिला कलेक्टर अध्यक्ष रहेंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक, अपर जिला अधिकारी और कॉलेज विश्वविद्यालयों के प्राचार्य इसके पदाधिकारी होंगे। समिति में मीडियाकर्मियों, एनजीओं और छात्र संगठनों के भी प्रतिनिधि सदस्य के तौर पर शामिल किये जाएंगे। यूजीसी के सचिव प्रोफेसर मनीष जोशी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस संबंध में पत्र लिखा है।

..............

पाली जिले के देसुरी में वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र की पहाड़ियों में लगी आग को बुझाने के लिए वन विभाग जी जान से जुटा हुआ है। इस अभ्यारण्य में पिछले कुछ दिनों से ये आग लगातार फैलती जा रही है और अब इसने अभ्यारणय में करीब डेढ सौ हेक्टेयर क्षेत्र को घेर लिया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से —

...........

उधर, गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। सांचौर के सुरावा गांव में लगी आग से बड़ी मात्रा में घरेलू सामान और पशुओं की मौत हो गयी है। पुलिस और पंचायत कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जनसहयोग से आग पर काबू पाया।

..............

सरहदी जिले जैसलमेर के पोकरण पुलिस थाने में कल सीएलजी समूह की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आने वाले दिनों में त्योहारों और शादी के सावों को लेकर सौहार्द तथा कानून व्यवस्था पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर सीएलजी के माध्यम से समाज में बाल विवाह नहीं करवाने के लिए लोगों को जागरुक करने की अपील की गयी।

..............

प्रदेश से हज पर जाने वाले यात्रियों को शुल्क की तीसरी किश्त जमा कराने की अंतिम तारीख चार मई तक बढा दी गयी है। हज कमेटी की ओर से पहले ये तारीख 27 अप्रैल तक ही घोषित की गयी थी।

..............

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पॉलिसी वैद्यता अवधि कल 30 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इंश्योरेंस कम्पनी ने कल तक पॉलिसी का नवीनीकरण करवाने का आग्रह किया है। पॉलिसी नवीनीकरण होने पर ही पात्र परिवारों को 1 मई से अगले साल तक के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना में पॉलिसी का नवीनीकरण ई—मित्र के माध्यम से या स्वयं की एसएसओ आईडी द्वारा किया जा सकता है।

..............

प्रदेश में हाल ही की बारिश—ओलावृष्टि के बाद मौसम फिर से साफ हो गया है। जयपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ को छोड़कर अन्य शहरों में अब मौसम शुष्क बना हुआ है। तापमान में फिलहाल उतार—चढ़ाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मई के पहले सप्ताह से गर्मी तेज होने लगेगी। बीकानेर संभाग में अगले दो दिन धूलभरी हवा चलने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम से सरहदी जिलों में आज और कल धूलभरी हवा चल सकती है। इस बीच, प्रदेश में कल

कई शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास बना रहा। सबसे ज्यादा 41 डिग्री तापमान कोटा में दर्ज किया गया।

..............

चीन के शंघाई में, तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय टीम ने अब तक 5 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीते हैं। भारतीय पुरूषों की टीम ने कल ओलम्पिक विजेता दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत को 14 साल बाद ये उपलब्धि मिली है। भारतीय टीम ने पहली बार किसी विश्वकप के फाइनमें मजबूत कोरिया टीम को शिकस्त दी है। इस जीत के साथ ही भारतीय पुरूष टीम ने इस साल आयोजित होने वाले पेरिस ओलम्पिके लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

..............